



वर्षा जल निकास नालियों के चिह्नक हमें याद दिलाते हैं कि हम सब अपने आसपास के पर्यावरण से जुड़े हुए हैं।

# पेंटिंग और सजावट

वर्षा जल को दूषित होने से बचाकर अपने जलीय पर्यावरण का संरक्षण करें।

## संदूषकों के फैलाव की रोकथाम

पेंट अथवा सॉल्वेंट्स के संदूषक–फैलाव को तत्काल साफ कर देना चाहिए। वर्षा जल निकास प्रणाली में इनके उत्पादों को जाने से रोकने के लिए इन्हें रोक दिया जाना चाहिए। जब पेंट के धुले हुए पदार्थ वर्षा जल निकास प्रणाली अथवा पर्यावरण में जाकर मिल जाते हैं तो रंग दिखाई देती रहती है और उसके स्रोत का आसानी से पता लगाया जा सकता है। सॉलवेंट और पेंट थिनर्स ज्वलनषील होते हैं और ये हमारी सीवर प्रणाली में विस्फोट की दषाएं उत्पन्न कर सकते हैं और इन्हें कभी भी किसी भी हाल में किसी सीवर अथवा प्लम्बिंग संरचना में नहीं जाने देना चाहिए।

पर्यावरण में दुर्घटनावष किसी संदूषक–फैलाव होने की स्थिति में तत्काल **प्रोविन्षियल इमरजेंसी प्रोग्राम** (PEP) से 1.800.663.3456 पर सम्पर्क करें। यदि वह रसायन ज्वलनषील है, विषाक्त है, क्षयकारी है अथवा अन्य खतरनाक विषेषताओं वाला है तो **सरी फायर डिपार्टमेंट** से तत्काल **911** पर सम्पर्क करें।

वर्षा जल निकास प्रणाली को दूषित करने के लिए जिम्मेवार किसी भी व्यक्ति को निम्नलिखित पर्यावरणीय कानूनों के अन्तर्गत उत्तरदायी ठहराया जा सकता है:

- फेडरल फिषरीज़ एक्ट
- BC हैज़र्डस वेस्ट रेग्यूलेषन
- BC इन्वाइरन्मेन्टल मैनेजमेंट एक्ट
- सरे बाई–लॉ नं. 16610

## अधिक जानकारी के लिए

RCBC रीसाइकलिंग हॉटलाइन
**604.732.9253**

प्रोडक्ट केअर एषोसिएषन
**604.592.2972**
www.productcare.org


सिटी ऑफ सरी
ड्रेनेज एण्ड इन्वाइरन्मेन्ट सेक्षन
**604.591.4321**

सरी फायर डिपार्टमेंट
**604.543.6760**

BC मिनिस्ट्री ऑफ इन्वाइरन्मेन्ट
**604.582.5200**

यदि आप किसी वर्षा जल निकास नाली में कोई संदूषक–फैलाव अथवा रसायन धुलते हुए देखें तो कृपया सिटी ऑफ सरी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से **604.590.7226** पर संपर्क करें, सायं 4:30 बजे के बाद **604.591.4431** पर।

www.surrey.ca



# पेंटिंग

पेंटिंग और सजावट कार्यों में प्रयोग किए जाने वाले उत्पादों से जो अपषिष्ट पदार्थ उत्पन्न होते हैं वे पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकते हैं। पेंटों, थिनरों, एडहेसिव उत्पादों और पेंट हटाने वाले उत्पादों में खतरनाक रसायन और ज्वलनषील, क्षयकारी और विषाक्त अपषिष्ट हो सकते हैं, और ये सभी मछलियों तथा जलीय पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं। जब इन उत्पादों को अथवा इन उत्पादों को प्रयोग करने के लिए इस्तेमाल किए गए उपकरणों की धुलाई के पानी को नालों, सड़कों, पार्किंग स्थलों अथवा वर्षा जल निकास नालियों में डाला जाता है तो ये वर्षा जल निकास प्रणाली में पहुंच जाते हैं।

सरी में वर्षा जल निकास प्रणाली अनुपचारित जल के साथ स्थानीय छोटी नदियों और जलधाराओं में मिल जाती है। सरी में 1500 किमी. से भी अधिक खुली छोटी नदियां और जल धाराएं हैं। ये छोटी नदियां और जल धाराएं जलमार्गों का एक महत्वपूर्ण नेटवर्क बनाती हैं, जो सैमन मछली, ट्राउट और अन्य जलीय जीवों के लिए प्राकृतिक वास स्थल प्रदान करता है।



# क्या आप जानते हैं

**आप सॉलवेंट और थिनर्स का पुनः उपयोग कर सकते हैं:** प्रयोग किए जा चुके थिनर्स अथवा सॉलवेंट को एक बंद जार में अलग रख दें ताकि पेंट के कणों को नीचे बैठ जाएं। साफ द्रव को निकालकर अलग कर लें, जिसे आप बाद में उपयोग कर सकते हैं। ठोस सामग्री को जमने दें और कचरे में डाल दें।

लेटेक्स पेंट पुनः उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं होता और उसे कंक्रीट उत्पादों को बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाता है। उपयोग न किए जा सकने वाले तेल आधारित पेंट को या तो उससे सॉलवेंट सामग्री प्राप्त करने के लिए री–डिस्टिल्ड (पुनः आसवन) किया जाता है या उसमें मौजूद उर्जा क्षमता के कारण उसे एक वैकल्पिक ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है।

## श्रेष्ठ प्रबंधन कार्यप्रणालियां

प्रदूषकों को वर्षा जल निकास प्रणाली में, और वहां से होते हुए अंततः हमारी जलधाराओं और छोटी नदियों में प्रवेष करने से रोकने के लिए कृपया निम्नलिखित कार्यप्रणालियों का पालन करें:

- उच्च दाब वाली वाटर स्ट्रिपिंग अथवा भवनों की बाहरी सतह की धुलाई से निकलने वाले अपषिष्ट जल को वर्षा जल निकास प्रणाली में जाने से रोकें।
- उपकरणों को धोने के लिए प्रयोग किए गए धुलाई के पूरे पानी, विलयनों और सॉलवेंट को एकत्र करें और उनका पुनःउपयोग करें, उन्हें रीसाइकल करें अथवा उचित प्रकार से उनका निपटान करें।
- जब भी संभव हो जल आधारित पेंटों का प्रयोग करें। लेबल पर ''लेटेक्स'' अथवा ''पानी से सफाई करें'' शब्दों को देखें। ये पेंट तेल आधारित पेंटों की अपेक्षा कम विषाक्त होते हैं और इन्हें साफ करने के लिए सॉल्वेंट की आवष्यकता नहीं होती।
- शेष बचे हुए पेंट को किसी भी वर्षा जल निकास नाली अथवा सीवर में जाने से रोकें और इसे कचरे में नहीं डाला जा सकता। बचे हुए पेंट को अगले काम में इस्तेमाल करें, उसे इस्तेमाल करने के लिए दान कर दें अथवा निकटतम पेंट एकत्रण डिपो का पता करने के लिए प्रोडक्ट केअर एषोसिएषन अथवा RCBC रीसाइकलिंग हॉटलाइन पर संपर्क करें।
- ऐसे रासायनिक अथवा मैकेनिकल पेंट खुरचनों के अवषेष, पेंट, पेंट की चिप्स और पेंट की धूल जिनमें सीसा, पारा, ट्राइब्यूटाइल टिन अथवा अन्य खतरनाक अथवा घुलनषील यौगिक हों, को इन्वाइरन्मेन्ट मैनेजमेंट एक्ट के अन्तर्गत ''विषेष अपषिष्ट'' माना जाता है और इनके लिए विषेष निपटान की आवष्यकता होती है। निपटान संबंधी आवष्यकताओं के लिए BC मिनिस्ट्री ऑफ इनवाइरन्मेन्ट से सम्पर्क करें।
- ब्रुष की सफाई अथवा पेंट के पात्रों की धुलाई करके कभी भी सड़क, गटर अथवा वर्षा जल निकास नाली में न डालें
- पानी आधारित पेंटों के मामले में, ब्रुष के पेंट को यथासंभव पूरी तरह से निकाल दें और उसे सेनेटरी सीवर से जुड़े स्थान पर धोएं।
- तेल आधारित पेंटों के मामले में, ब्रुष के पेंट को यथासंभव पूरी तरह से निकाल दें, थिनरों और सॉलवेंट को फिल्टर करके फिर से उपयोग करें। अतिरिक्त तरल पदार्थों और अवषेषों का खतरनाक अपषिष्ट के तौर पर निपटान करें।
- सुनिष्चित करें कि सभी कर्मचारियों को नालियों में जाने वाले वर्षा जल के संदूषण को रोकने के बारे में अपनी भूमिका की जानकारी हो।